फा.सं.4/13/2022-अ.भा.से.
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
अखिल भारतीय सेवा शाखा

*****

दिनांक 3 मई, 2024

सेवा में,

1. सचिव, भारत सरकार,
गृह मंत्रालय,
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

(ध्यानाकर्षण - श्री संजीव कुमार, अवर सचिव)

2. सभी राज्यों के मुख्य सचिवगण।

विषय - पुलिस महानिदेशक (पुलिस बल प्रमुख) के पद पर नियुक्ति के लिए अधिकारियों का पैनल तैयार करने के लिए आयोग के दिशा-निर्देशों में संशोधन - तत्संबंधी।

महोदय,

मुझे आयोग के दिनांक 26.09.2023 के समसंख्यंक पत्र, जिसमें राज्य के पुलिस महानिदेशक (पुलिस बल प्रमुख) के पद पर नियुक्ति के लिए अधिकारियों का पैनल तैयार करने संबंधी मामले में दिनांक 22.09.2023 के दिशा-निर्देशों की एक प्रति अग्रेषित की गई थी, को संदर्भित करने एवं कहने का निदेश हुआ है कि दिशा-निर्देशों की पुनः जाँच एवं पुनरीक्षा की गई है, और यह निर्णय लिया गया है कि एमपैनलमेंट के उद्देश्य हेतु कार्यात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देशों के पैरा 2(क) एवं अनुबंध-I के प्रावधानों को संशोधित किया जाए।

2. वर्तमान दिशा-निर्देशों में संशोधन की एक प्रति सूचना एवं अनुपालन हेतु इसके साथ अग्रेषित की जाती है।

भवदीय,

राजीव

(राजीव कुमार)
संयुक्त सचिव (अ.भा.से.)

<u>3 मई, 2024 के अनुसार यथा संशोधित</u>

फा.सं.4/13/2022-अ.भा.से.
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
अखिल भारतीय सेवा शाखा

*****

<u>पुलिस महानिदेशक (पुलिस बल प्रमुख) के पद पर नियुक्ति के लिए अधिकारियों का पैनल तैयार करने के लिए दिशा-निर्देशों में संशोधन</u>

दिशा-निर्देशों के पैरा 2(क) एवं अनुबंध-I के मौजुदा प्रावधानों को निम्नलिखित अनुसार प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

<u>विचारार्थ क्षेत्र</u> [पैरा 2(क) में दर्शाया गया]

सामान्य विचारार्थ क्षेत्र में वे अधिकारी शामिल होंगे जो **पद रिक्त होने की तिथि को** राज्य संवर्ग में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-16 के पद धारक होंगे।

<u>पुलिस बल प्रमुख होने के लिए किसी भा.पु.से. अधिकारी के संगत अनुभव की सीमा के आकलन के लिए सांकेतिक क्षेत्र</u> (अनुबंध-I में दर्शाया गया)

किसी अधिकारी के अनुभव की सीमा पर्याप्त मानी जाएगी यदि वह निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसी एक या इससे अधिक क्षेत्रों में **पद रिक्त होने की तिथि को** 10 वर्ष का न्यूनतम अनुभव रखता हो :

*****

अशोक